03.10.2023 आकाशवाणी भोपाल 7.10PM

**प्रादेशिक समाचार**

## मुख्य समाचार

- लाड़ली बहनों के खाते में कल डाले जायेंगे 1250 रुपए, मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने की घोषणा।
- मुख्यमंत्री ने भोपाल मेट्रो रेल के ट्रायल रन का किया शुभारंभ, सुभाष नगर से रानी कमलापति स्टेशन तक किया सफर।
- मौसम विभाग ने प्रदेश के रीवा और शहडोल संभाग में कल तेज बारिश के जताये आसार ।
- एशियन गेम्स में भारत का स्वर्णिम प्रदर्शन जारी, अब तक जीते 14 गोल्ड सहित 65 मेडल ।

## स्व-सहायता समूह संवाद

**मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने आज भोपाल के जंबूरी मैदान में आयोजित कार्यक्रम में सहभागिता कर स्व-सहायता समूहों की दीदियों से संवाद किया। साथ ही 1400 स्कूटी और ऋण का वितरण करते हुए सभी को बधाई व शुभकामनाएं दीं। मुख्यमंत्री जी ने इस अवसर पर कहा कि वह लाड़ली बहनों के खाते में इस बार 10 तारीख की जगह कल 4 अक्टूबर को बुरहानपुर से 1250 रुपए डालेंगे। इस मौके श्री चौहान ने कहा कि अभी प्रदेश में 15 लाख दीदियां लखपति हैं। उनका संकल्प है कि प्रदेश की सभी 53 लाख दीदियों को लखपति बने।**

## मेट्रो रेल ट्रायल भोपाल

**मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने आज भोपाल मेट्रो रेल के ट्रायल रन का सुभाष नगर डिपो से हरी झण्डी दिखाकर कर शुभारंभ किया। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने मेट्रो रेल में सुभाष नगर स्टेशन से रानी कमलापति स्टेशन तक सफर कर जायजा लिया। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि भोपाल में मेट्रो आरंभ होने के साथ ही हमारा तांगे वाला भोपाल अब मेट्रो रेल वाला भोपाल हो गया है। मेट्रो रेल भोपाल में परिवहन की नई क्रांति लाएगी, और विकास पथ पर भोपाल तीव्रगति से दौड़ेगा। भोपाल मेट्रो का विस्तार सीहोर, मण्डीदीप के साथ-साथ रायसेन और विदिशा तक भी किया जाएगा।**

## स्टेट मीडिया सेंटर

**मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने आज भोपाल के मालवीय नगर में स्टेट मीडिया सेंटर का भूमि-पूजन किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि पत्रकार के बिना जागृत समाज और स्वस्थ लोकतंत्र की कल्पना बेमानी है। चुनौतियों के बीच आपने सदैव अपने कर्तव्य का निर्वहन किया। लोकतंत्र की आत्मा के रक्षकों एवं प्रहरियों को प्रणाम करता हूँ। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने गत 7 सितम्बर को अत्याधुनिक सुविधाओं से युक्त स्टेट मीडिया सेंटर के निर्माण की घोषणा की थी। भोपाल के मालवीय नगर में स्टेट मीडिया सेंटर का निर्माण 66 हजार 981 वर्गफीट में किया जाएगा। भवन में भू-तल और तीन तल का निर्माण किया जाएगा। मीडिया सेंटर में एक्जीविशन हॉल, ऑर्ट गैलरी, ऑडिटोरियम, प्रेस कॉन्फ्रेंस कक्ष, बेंक्वेट हॉल, बेडमिंटन**

कोर्ट, रेस्टोरेंट, लायब्रेरी, मल्टीमीडिया रूम, जिम्नेजियम, इण्डोर गेम हॉल, पत्रकारों के लिये वर्क स्पेस आदि का प्रावधान किया गया है। मीडिया सेंटर में रेन हार्वेस्टिंग सिस्टम के साथ ही सोलर पैनल भी लगाए जाएंगे।

## जन सेवा मित्र

मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि युवा जन सेवा मित्र देश और प्रदेश के विकास व जन कल्याण में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। जनता और प्रशासन के बीच कड़ी के रूप में युवाओं को जोड़ने के विचार से इस योजना का सूत्रपात हुआ। यह संभवत: देश का सबसे बड़ा शासकीय इंटर्नशिप कार्यक्रम है। अन्य राज्यों के मुख्यमंत्री भी इस योजना में रुचि ले रहे हैं और कई प्रदेश इससे मिलते-जुलते कार्यक्रम बना रहे हैं। मुख्यमंत्री श्री चौहान आज भोपाल में प्रदेश के जन सेवा मित्रों से समत्व भवन से वर्चुअल संवाद कर रहे थे।

## स्वच्छता गीत

एम्स भोपाल की टीम ने स्वच्छता ही सेवा गीत तैयार किया है। स्वच्छता पखवाड़े के अवसर पर एम्स के डायरेक्टर डां. अजय सिंह ने गीत जारी किया। इस गीत को एम्स के डाक्टरों के अलावा अन्य कर्मचारियों का भी सहयोग रहा। गीत की संकल्पना डा. राजकुमार पाटिल की और इसे डा पाटिल के साथ डा. अग्निशिखा और छात्र विजोत ने गाया है। इसमें संगीत देव प्रकाश सिंह और राजा खुराना ने दिया है।

## मुख्यमंत्री कार्यक्रम

प्रदेश में अगले कुछ दिनों में कई महत्वपूर्ण कार्यक्रमों का आयोजन होना इस संबंध में आज मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने बैठक कर संभाग एवं जिलाअधिकारियों को दिशा निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि लाड़ली बहना योजना अंतर्गत राशि अंतरण का राज्य स्तरीय कार्यक्रम कल बुरहानपुर में होगा। कार्यक्रम में लाड़ली बहनों के आत्मनिर्भर होने तथा योजनाके संबंध में उनके अनुभव भी साझा किए जाएंगे। उन्होंने बताया कि कल ही भोपाल में कौशल उन्नयन महाकुंभ होगा। इसके अंतर्गत संत शिरोमणि रविदास ग्लोबल स्किल पार्क भोपाल का लोकार्पण होगा। जबलपुर, ग्वालियर, सागर और रीवा के 4 नवीन ग्लोबल स्किल पार्क का शिलान्यास तथा भोपाल, ग्वालियर, जबलपुर, रीवा, सागर, शहडोल, नर्मदापुरम और भिण्ड में शासकीय संभागीय आई.टी.आई का लोकार्पण भी होगा।

**मुख्यमंत्री सीखो-कमाओ योजना में स्टाइपेंड भी वितरित किये जाएंगे। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि 5 अक्टूबर को सतना में राज्य स्तरीय कृषक सम्मेलन होगा। जिसमें मुख्यमंत्री आवासीय भू-अधिकार योजना के हितग्राहियों को नि:शुल्क भूमि स्वामी अधिकार पत्र , मुख्यमंत्री नगरीय भू-अधिकार योजना के अंतर्गत हितग्राहियों को भूमि स्वामी अधिकार पत्र और स्वामित्व योजना के तहत हितग्राहियों को अधिकार अभिलेख वितरित किये जाएंगे। राज्य स्तरीय सम्मेलन में प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, खरीफ एवं रबी 2022-23 की राशि सिंगल क्लिक के माध्यम से जारी की जाएगी। किसान सम्मान निधि की दो हजार रूपए की किस्त का भी 72 लाख हितग्राहियों को अंतरण होगा।**

**मौसम**

**मौसम विभाग ने प्रदेश के रीवा और शहडोल संभाग में अगले आज और कल  को तेज बारिश के आसार जताया हैं।सिंगरौली, अनूपपुर जिलों में मध्यम से भारी बारिश की संभावना जताई गई है। वहीं, सीधी, रीवा, सतना, शहडोल, उमरिया, डिंडोरी, बालाघाट जिलों में हल्की बारिश हो सकती है। मौसम विभाग के अनुसार  4 से 5 दिन में प्रदेशभर से मानसून की विदाई पूरी तरह हो जाएगी। 15 अक्टूबर से रात का तापमान 18 से 20 डिग्री तक पहुंच जाएगा। इस बीच प्रदेश के कुछ जिलों में हल्की बारिश हो रही है, वहीं अन्य जिलों में तेज धूप के कारण तापमान बढ़ने लगा है। सोमवार को मंडला और खजुराहो में आधा इंच पानी गिरा। भोपाल, बालाघाट के मलाजखंड, जबलपुर, सतना और पचमढ़ी में बूंदाबांदी हुई। प्रदेश के कई शहरों में दिन का तापमान बढ़ा हुआ रहा। भोपाल में तापमान 33 डिग्री के पार पहुंच गया। गुना में 35.7 डिग्री, ग्वालियर में 35.3 डिग्री, उज्जैन में 35.8 डिग्री, दमोह में 35 डिग्री तापमान रहा।**

**भूकंप**

**राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली सहित देश के उत्तरी भागों में आज भूकंप के तेज झटके महसूस किए गए। ये झटके नेपाल में आए दो भूकंप के बाद महसूस किए गए। इनकी तीव्रता चार दशमलव छह और छह दशमलव दो थी। पहला झटका दो बजकर पच्चीस मिनट पर और दूसरा दो बजकर इक्यावन मिनट पर महसूस किया गया। राष्ट्रीय भू विज्ञान केंद्र के अनुसार भूकंप का केंद्र नेपाल में पांच किलो मीटर की गहराई में था। अभी किसी जान माल के नुकसान की खबर नहीं है।**

एशियाई खेल

चीन के हांगचोओ में एशियाई खेलों में आज दसवें दिन भारत ने अब तक एक स्वर्ण, एक रजत और चार कांस्य पदक जीता है। एथलेटिक्स में महिलाओं की पांच हजार मीटर दौड में पारूल चौधरी ने स्वर्ण पदक जीता। पुरूषों के आठ सौ मीटर दौड में मोहम्मद अफसल ने रजत पदक जीता। महिलाओं की चार सौ मीटर बाधा दौड में विध्या ने कांस्य पदक जीता।

पदक तालिका में भारत 14 स्वर्ण, 25 रजत और 26 कांस्य पदकों के साथ कुल 65 पदक लेकर चौथे स्थान पर है।

समाचार संक्षेप में

- **देवास जिला विधिक सेवा प्राधिकरण में स्वच्छता कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें विशेष रूप से कार्यालय की सफाई की गई।**
- **सीहोर जिले में अत्याचार निवारण अधिनियम 1989 के तहत गठित जिला स्तरीय सतर्कता एवं मॉनिटरिंग समिति की त्रैमासिक बैठक कल होगी।**

--------------------